प्रादेशिक समाचार

21.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

भारत और ब्राजील ने आज नई दिल्ली में डिजिटल साझेदारी, दुर्लभ खनिज तथा महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग, लघु और मध्यम उद्यम तथा तटीय क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुई इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच हुई बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। अपने संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति लूला के नेतृत्व में भारत–ब्राजील संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार संबंध 20 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएंगे।

इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा का औपचारिक स्वागत किया।

****

विधानसभा के बजट सत्र में भोजनावकाश के बाद चालू वित्तीय वर्ष के अनुपूरक बजट पर चर्चा चल रही है। चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य अपने विचार रख रहे हैं। इससे पहले आज सदन की कार्यवाही के दौरान हाथी उत्पात के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार मानव–हाथी संघर्ष की समस्या को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने बताया कि प्रभावित जिलों में वन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया टीमें सक्रिय की गई हैं और नुकसान झेलने वाले परिवारों को शीघ्र मुआवजा देने की व्यवस्था की गई है।

****

राज्य के 48 नगर निकायों में 23 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार का शोर आज शाम 5 बजे थम जाएगा। प्रचार के आखिरी दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं पार्टी समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में मतदाताओं को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रोड शो, बाइक रैली और जनसभाओं के जरिए प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। नगर निगमों में महापौर तथा नगर परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए कुल 275 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, वहीं वार्ड पार्षद पद के लिए 2 हजार 313 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

****

इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का आज आखिरी दिन है। प्रदर्शकों, नवप्रवर्तकों और आगंतुकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए सरकार ने प्रदर्शनी को एक दिन और बढ़ा दिया था। यह प्रदर्शनी आज शाम 6 बजे तक खुला रहेगा।

****

गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा को आज एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष सुमन सिन्हा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुमन सिन्हा और उनके समर्थकों का भाजपा में स्वागत किया।

****

झामुमो के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राकेश महतो की आज हत्या कर दी गई है। उनका शव गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र के घुटवाली के पास जली हुई अवस्था में बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। इधर, हत्या से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने डुमरी–फुसरो मार्ग को जाम कर दिया है। इस बीच डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने विधानसभा में झामुमो नेता की हत्या का मामला उठाया और उन्होंने हत्या की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

*********समाप्त*********